नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# अब नहीं रुकेगी पढ़ाई, प्रधानमंत्री यशस्वी स्कॉलरशिप दे रही ओबीसी छात्रों को पढ़ाई का मौका।

Publisher
Published on 02 Jul 2025



## प्रधानमंत्री यशस्वी स्कॉलरशिप योजना 2025: ओबीसी छात्रों को मिलेगी 1.25 लाख रुपये तक की छात्रवृत्ति, जाने आंवेदन की प्रक्रिया।

**प्रधानमंत्री यशस्वी स्कॉलरशिप योजना 2025: ओबीसी छात्रों के लिए एक सुनहरा मौका**
**प्रधानमंत्री यशस्वी स्कॉलरशिप योजना 2025** (PM YASASVI Scholarship 2025) के तहत **ओबीसी** (अन्य पिछड़ा वर्ग) समुदाय के **मेधावी छात्रों को अब 75,000 से 1,25,000 रुपये** तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस योजना का उद्देश्य छात्रों को **आर्थिक समर्थन** देकर उनके भविष्य को संवारना है और उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद करना है।

**कौन कर सकता है आवेदन?**
यह **स्कॉलरशिप कक्षा 9 और कक्षा 11** के छात्रों के लिए है, जो **ओबीसी वर्ग** से आते हैं। हालांकि, केवल **जाति प्रमाणपत्र** से काम नहीं चलेगा, बल्कि छात्रों को कुछ विशेष शर्तों को भी पूरा करना होगा:
१. **छात्र के माता-पिता की सालाना आय 2.5 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।**
२. **छात्र ने ऐसे स्कूल मे पंढ़ाई की हो, जिसने कक्षा 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं मे 100 प्रतिशत परिणाम दिया हो।**

स्कॉलरशिप की राशि और लाभ
१. **कक्षा 9 के छात्रों को 75,000 रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी।**
२. **कक्षा 11 के छात्रों को 1,25,000 रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी।**

यह **राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT)** के माध्यम से छात्रों के आधार से जुड़े बैंक खातों में भेजी जाएगी।

### आवेदन की अंतिम तिथि

आवेदन की अंतिम तिथि **31 अगस्त 2025** है। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे **अंतिम तिथि** का इंतजार न करें और जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करें।

### आवेदन कैसे करे ?

१. **सबसे पहले, NSP पोर्टल** (scholarships.gov.in) पर जाएं।
२. "**NSP OTR" ऐप डाउनलोड करे (गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध)**।
३. **ऐप के माध्यम से आधार आधारित फेस ऑथेंटिकेशन करे और वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) नंबर प्राप्त करे।**
४. **आधार कार्ड से जुड़े मोबाइल नंबर का उपयोग करे। अगर छात्र नाबालिग है और उसके पास आधार नहीं है, तो माता-पिता का आधार इस्तेमाल किया जा सकता है।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.